मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 64, मुंबई, सोमवार, 29 अप्रैल, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

बच्चों को बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़

गिरोह में एक डॉक्टर भी शामिल, आरोपी मुंबई के कई अस्पतालों में कर रहे हैं काम

मुंबई। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने जांच के जरिए छोटे बच्चों को बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। बच्चों को बेचने वाले इस गिरोह में एक डॉक्टर भी शामिल है। पुलिस की जांच में पता चला है कि आरोपी मुंबई के कई अस्पतालों में काम कर रहे हैं। पुलिस ने छोटे बच्चों को बेचने वाले गिरोह के 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

आरोपियों ने अब तक 14 छोटे बच्चों को बेचा है

लड़कों की ज्यादा डिमांड

मुंबई पुलिस के मुताबिक इस गैंग ने ज्यादातर लड़कों को बेचा है। तेलंगाना और हैदराबाद जैसे इलाकों के लड़कों की मांग ज्यादा है। पुलिस के मुताबिक आरोपी बच्चों के माता-पिता को पैसों का लालच देते थे और उन्हें बच्चों को बेचने के लिए मजबूर करते थे। पुलिस ने कहा कि वह ऐसे माता पिता के खिलाफ भी कार्रवाई करने की तैयारी कर रहे हैं जो कि अपने बच्चों को लालच में बेच रहे थे।

महादेव सट्टेबाजी ऐप

एक्टर साहिल खान गिरफ्तार

4 दिन की पुलिस हिरासत

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर साहिल खान को मुंबई क्राइम ब्रांच की एसआईटी ने गिरफ्तार में ले लिया है। साहिल खान पर बेटिंग साइट चलाने और बेटिंग को प्रमोट करने का आरोप है। जिसके तहत उन पर कार्रवाई की गई है। एसआईटी ने साहिल को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से गिरफ्तार किया है। जिसके बाद उन्हें मुंबई लाया गया। जिसके बाद साहिल को शिंदेवाड़ी-दादर कोर्ट में पेश किया गया। उन्हें 1 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। मीडिया सके सवालों पर एक्टर साहिल खान ने कहा कि उन्हें मुंबई पुलिस और देश के कानून पर पूरा भरोसा है और सच्चाई सामने आएगी। जानकारी के मुताबिक मुंबई के माटुंगा पुलिस महादेव बेटिंग ऐप केस की जांच में एक्टर साहिल खान का नाम आया था। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

शरद पवार और उद्धव ठाकरे के प्रति सहानुभूति

400 पार के नारे से लोगों में डर



मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। अजित पवार गुट के नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में शरद पवार और उद्धव ठाकरे के प्रति लोगों में सहानुभूति है। एनडीटीवी को दिए एक इंटरव्यू में भुजबल ने कहा कि इस बार एनडीए की राह आसान नहीं है, जिसका फायदा उन्हें (शरद-उद्धव) मिल सकता है। यह इसलिए क्योंकि एनडीए के 400 पार के नारे से लोगों में डर है। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरा यकीन है और वे चाहते भी हैं कि एक बार फिर देश में उनकी सरकार आए। वहीं, नासिक लोकसभा सीट को लेकर भी अपनी बात रखी। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

कहर बरपा रही गर्मी

लू का अलर्ट जारी

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। उत्तर भारत के कई राज्य इन दिनों भीषण गर्मी की मार झेल रहे हैं। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार और झारखंड में दिन का तापमान रोज का रोज बढ़ता जा रहा है। इसके साथ ही महाराष्ट्र, ओडिशा और केरल के कई क्षेत्र में भीषण लू चल रही है। महाराष्ट्र के सोलापुर में रविवार को सबसे अधिक तापमान 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। ओडिशा के अंगुल जिले में अधिकतम तापमान 44.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

मुंबई में पड़ रही रिकॉर्ड गर्मी

महाराष्ट्र के स्थानीय मौसम विभाग ने बताया कि रविवार को दक्षिण मुंबई के कोलाबा में तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। मुंबई के सांताक्रूज में अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.4 डिग्री अधिक है। ठाणे में अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

हमारी बात

माहौल में बारीक बदलाव?

अंतिम परिणाम जानने के लिए हमें चार जून तक इंतजार करना होगा। फिलहाल यह जरूर कहा जा सकता है कि एक जैसी ही सियासत से जनता में एक थकान उभरी है। साथ ही एंटी इन्कंबैंसी का फैक्टर कहीं ना कहीं फिर से काम करने लगा है।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण वाली सीटों पर पिछले दो आम चुनावों की तुलना में कम वोट पड़े। इस तरह कम मतदान का एक ट्रेंड उभरता नजर आ रहा है। पहले और दूसरे चरण को मिला कर लोकसभा की 543 में से 190 सीटों पर मतदान पूरा हो चुका है। वहां से अब तक जो संकेत उपलब्ध मिले हैं, उनके आधार पर हम एक मोटा अनुमान लगाने की स्थिति में हैं। पिछली दो बार जब अधिक वोट गिरे, तब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को बंपर जीत हासिल हुई थी। दोनों बार मतदाताओं के एक बड़े हिस्से में उनके नेतृत्व लेकर उम्मीद और जोश दिखा था। क्या अब सामने आ रहे रुझान से उस माहौल में किसी बारीक बदलाव का अंदाजा लगाया जा सकता है? दो और बातें हैं, जिनसे ऐसे अनुमान को बल मिला है। पहला, यह कि प्रधानमंत्री और अन्य सत्ताधारी नेताओं की जुबान से विकसित भारत का नैरेटिव गायब हो गया है। दूसरा, यह कि अब वे अबकी बार 400 पार के दावे नहीं कर रहे हैं। पिछले दो आम चुनावों में मोदी के दिए अच्छे दिन जैसे नारों ने मतदाताओं के एक बड़े हिस्से को उत्साहित किए रखा था। मगर अब ऐसा लगता है कि महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याओं की मार ने जमीनी स्तर पर बड़बोले दावों के प्रति लोगों में विपरीत प्रतिक्रिया पैदा की है। इसके बावजूद अभी इस नतीजे पर पहुंच जाना जल्दबाजी होगी कि मोदी राज अपने आखिरी दिनों में है। यह भी मुमकिन है कि भाजपा का हिंदुत्व का एजेंडा एक स्थायी नियामक बन चुका हो, जो लोगों बिना उत्साह के भी मतदाताओं को भाजपा को वोट देने के लिए प्रेरित करे। फिर संगठन शक्ति, धन-बल, और संस्थाओं के साथ के कारण भाजपा को मुकाबले में पहले से बढ़त मिली हुई है। इसलिए अंतिम परिणाम जानने के लिए हमें चार जून तक इंतजार करना होगा। लेकिन फिलहाल यह जरूर कहा जा सकता है कि एक जैसी ही सियासत और उससे जुड़े चेहरों को लेकर जनता में एक थकान उभरी है। साथ ही एंटी इन्कंबैंसी का फैक्टर कहीं ना कहीं फिर से काम करने लगा है।

कांग्रेस के मुद्दों पर लड़ रही भाजपा!

मुंबई हलचल/संवाददाता

पहले चरण के मतदान के बाद चुनाव को देखने और समझने का नजरिया बदल गया है। कम मतदान की अपने अपने अंदाज में व्याख्या हो रही है। विपक्षी पार्टियां इसे सरकार के प्रति मोहभंग मान रही हैं तो भाजपा का कहना है कि विपक्ष से लोगों को कोई उम्मीद नहीं है इसलिए सिर्फ सरकार का समर्थन करने वाले ही बूथ पर जा रहे हैं। कहने की जरुरत नहीं है कि दोनों धारणाएं अतिवादी हैं। सचाई दोनों के बीच कहीं है। लेकिन उससे भी दिलचस्प बात यह है कि भाजपा का पूरा चुनाव प्रचार ही बदल गया है। भाजपा अब तक जिन मुद्दों पर प्रचार कर रही थी वो सारे मुद्दे हाशिए में चले गए हैं। उनकी जगह नए मुद्दे आ गए हैं।

ऐसा नहीं है कि ये नए मुद्दे आसमान से टपके हैं। ऐसा भी नहीं है कि अचानक कोई बड़ा घटनाक्रम हो गया और समूचा नैरेटिव बदल गया। ये नए मुद्दे आए हैं कांग्रेस के घोषणापत्र से या कांग्रेस नेताओं के बयानों से। सो, कह सकते हैं कि अब चुनाव कांग्रेस के घोषणापत्र पर या कांग्रेस के तय किए गए एजेंडे पर लड़ा जा रहा है। यह कई मायने में कांग्रेस की बड़ी उपलब्धि है कि उसके चुने गए मुद्दे पर चुनावी नैरेटिव सेट हो रहा है।

ध्यान रहे पिछले 10 साल से राजनीति का समूचा विमर्श भाजपा और खास कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तय कर रहे थे। वे मुद्दे तय करते थे, उसे जनता के बीच ले जाते थे और कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करते थे। उनके साथ साथ देश की जनता भी कांग्रेस से सवाल पूछती थी। देश को कांग्रेस ने 60 साल के शासन में क्या दिया, यह आम जनता का सवाल हो गया था। राहुल गांधी को कैसे कमान दी जा सकती है, यह भी देश का सवाल बन गया था। भारत का विकसित होना और इसके गौरवशाली इतिहास की वापसी तभी मुमकिन है, जब मोदी हैं, यह भी देश का सबसे लोकप्रिय विमर्श था। लेकिन इस बार के चुनाव में यह विमर्श नहीं है और अगर है भी तो सार्वजनिक स्पेस में उसकी उपस्थित नगण्य है।

इस बार के चुनाव में भाजपा की ओर से बरसों के परिश्रम से स्थापित किए गए मुद्दों की बजाय कांग्रेस की ओर से उठाए गए मुद्दों पर चर्चा हो रही है। संविधान बदलने का मुद्दा कांग्रेस जनता के बीच लेकर गई थी। आज इस बात को लेकर चर्चा हो रही है। भाजपा को जवाब देना पड़ रहा है। जान देकर संविधान बचाने की बातें हो रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी कह रहे हैं कि अगर बाबा साहेब अंबेडकर भी आ गए तो अब संविधान को नहीं खत्म कर सकेंगे। यह कहने की नौबत इसलिए आई है क्योंकि कांग्रेस ने आम लोगों के मन में संदेह का बीज बो दिया है। अनुसूचित जातियों को लग रहा है कि भाजपा बाबा साहेब के बनाए संविधान को समाप्त कर देगी। पिछड़ी जातियों को लग रहा है कि भाजपा संविधान बदल कर आरक्षण की व्यवस्था को खत्म करेगी। मुसलमान और व्यापक रूप से देश की धर्मनिरपेक्ष जनता को लग रहा है कि संविधान की प्रस्तावना को बदल कर भाजपा उसमें से सेकुलर शब्द हटा देगी। दक्षिण और पूर्वी भारत के राज्यों की पार्टियों और कुछ हद तक नागरिकों को भी लग रहा है कि भाजपा संघवादी शासन व्यवस्था को खत्म कर देगी। इसी तरह भाषिक और सांस्कृतिक विविधता को खत्म करके एकरूपता लाने की चिंताओं पर भी देश के अलग अलग हिस्सों में चर्चा हो रही है। सो, संविधान बदलने का जो खतरा कांग्रेस दिखा रही थी उसे खारिज करने की तमाम कोशिशें अभी तक निरर्थक होती दिख रही हैं।

इसके जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नया खतरा दिखाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में संपत्तियों के पुनर्वितरण की बात कही है। इसकी व्याख्या करते हुए उन्होंने यहां तक कह डाला कि कांग्रेस की नजर महिलाओं के मंगलसूत्र पर है और वह लोगों की संपत्ति छीन कर ज्यादा बच्चे वालों और घुसपैठियों को दे देगी। उन्होंने इसे सांप्रदायिक रंग दिया और प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के 2006 में दिए गए बयान का जिक्र करते हुए दावा किया कि कांग्रेस मानती है कि देश की संपत्ति पर मुसलमानों का पहला अधिकार है। दिलचस्प बात यह है कि आर्थिक असमानता दूर करने के लिए संपत्ति के पुनर्वितरण की जो बात कांग्रेस ने कही है उसे जाने अनजाने में प्रधानमंत्री मोदी ने विमर्श का मुद्दा बना दिया है। इसमें सैम पित्रोदा ने इनहेरिटेंस टैक्स यानी विरासत कर का तड़का लगाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका में विरासत में मिली संपत्ति के ऊपर कर लगता है और वह 55 फीसदी तक होता है। ध्यान रहे भारत में भी ऐसा कर लगता था, जिसे 1985 में राजीव गांधी की सरकार ने खत्म किया था।

अब इस बात को लेकर चर्चा शुरू हो गई है कि क्या सचमुच कांग्रेस सरकार में आएगी तो वह कुछ लोगों यानी अमीरों की संपत्ति लेकर आम लोगों यानी गरीबों में बांट देगी? ध्यान रहे भारत में ज्यादातर लोग गरीब हैं। करीब 81 करोड़ तो ऐसे हैं, जिनको सरकार पांच किलो मुफ्त अनाज दे रही है और बड़े गर्व से इसका प्रचार भी कर रही है। अगर ऐसी जनता को यह बात समझ में आती है कि कांग्रेस की सरकार बनने पर उसको कुछ संपत्ति या कुछ पैसे मिल सकते हैं फिर क्या होगा?

संभव है कि छोटा सा मध्य वर्ग या अति सूक्ष्म आकार का भारतीय उच्च वर्ग इस बात से आहत हो रहा हो या परेशान हो सकता है लेकिन ज्यादा बड़ी आबादी को यह विचार ही रोमांचित करने वाला है कि सरकार अमीरों की संपत्ति लेकर उसे जनता में बांट सकती है। याद करें प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर क्या इसी तरह का वादा नरेंद्र मोदी ने नहीं किया था? फर्क इतना है कि उन्होंने विदेशों में जमा कारोबारियों के धन को काला धन कहा था।

उन्होंने बताया था कि यह काला धन इतना ज्यादा है कि भारत आ जाए तो हर भारतीय के खाते में 15-15 लाख रुपए आ सकते हैं। सोचें, यह बात लोगों को कितनी अच्छी लगी थी और कैसे सब लोग अच्छे दिन आने के सपने देखने लगे थे! अभी हाल के दिनों में भी प्रधानमंत्री ने कहा कि वे इसका कानूनी रास्ता तलाश रहे हैं कि कैसे केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जब्त किए गए पैसे उन लोगों में बांटे जाएं, जो लूट का शिकार हुए हैं। यह भी संयोग है कि इसी समय सुप्रीम कोर्ट में संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) को लेकर बहस चल रही है। नौ जजों की संविधान पीठ इस पर विचार कर रही है कि निजी संपत्ति को सामुदायिक बेहतरी के लिए सरकार कब्जा कर सकती है या नहीं? सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के जज करीब 60 साल पहले ऐसे ही एक मामले में जस्टिस बी कृष्णा अय्यर के फैसले से सहमत दिख रहे हैं।

जस्टिस अय्यर ने कहा था कि भौतिक जगत में ऐसी कोई भी चीज, जिसका मूल्य है और जिसका इस्तेमाल हो सकता है वह भौतिक संसाधन है और चूंकि हर व्यक्ति समुदाय का सदस्य है इसलिए उसके संसाधन का इस्तेमाल समुदाय के लिए हो सकता है। जस्टिस अय्यर ने जब यह फैसला सुनाया था तब वे अल्पमत में थे। लेकिन उनकी बात बहुमत के फैसले से ज्यादा स्वीकार की गई। सो, असमानता दूर करने के लिए आर्थिक सर्वे, संपत्ति के पुनर्वितरण और विरासत कर की बातें सार्वजनिक विमर्श का विषय बन गई हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह बहुत क्रांतिकारी विचार है, जिसे एक तबका प्रतिगामी भी मान सकता है। लेकिन इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है कि राहुल गांधी ने संविधान और लोकतंत्र बचाने, जाति गणना कराने, आरक्षण की सीमा बढ़ाने, संपत्ति के पुनर्वितरण और आर्थिक सर्वेक्षण के जरिए एक बड़े तबके के साथ हुए अन्याय का पता लगाने के क्रांतिकारी विचारों पर प्रतिक्रिया देने के लिए भाजपा को बाध्य कर दिया है। पिछले 10 साल पहली बार ऐसा हो रहा है कि एजेंडा कांग्रेस सेट कर रही है और भाजपा उस पर प्रतिक्रिया दे रही है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

हाईकोर्ट ने महिला को दी निजी अस्पताल में गर्भपात की अनुमति

जांच के बाद दायर की थी याचिका

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को एक महिला को उसकी 27 सप्ताह की गर्भावस्था को एक निजी अस्पताल में गर्भपात करने की अनुमति दे दी है। मालूम हो कि महिला जन्मजात असामान्यताओं का सामना कर रही थी। कोर्ट ने यह अनुमति सरकारी अस्पताल में सुविधा उपलब्ध नहीं होने के बाद दी है।

मेडिकल बोर्ड ने दी थी गर्भपात की अनुमति

मालूम हो कि सरकारी जेजे अस्पताल के मेडिकल बोर्ड ने महिला की जांच करने के बाद उसे गर्भपात करने की अनुमति दे थी। बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि यदि गर्भपात के दौरान महिला का बच्चा अगर जीवित पैदा होता है तो उसे नवजात गहन देखभाल इकाई में भर्ती किया जाएगा।

महिला ने की थी ये मांग

वहीं, महिला ने इस मामले में कोर्ट में याचिका दायर कर अपनी पसंद के निजी अस्पताल में गर्भपात कराने की मांग की थी। न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर और न्यायमूर्ति जितेंद्र जैन की खंडपीठ ने इस

सप्ताह की शुरुआत में यह जानना चाहा था कि क्या गर्भपात की यह सुविधा नगर निगम द्वारा संचालित कूपर अस्पताल या सरकारी जेजे अस्पताल में है या नहीं। मामले पर सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने पीठ को सूचित किया कि महिला गर्भवती से गुजर सकती है। हालांकि, गर्भपात की यह सुविधा कूपर या जेजे अस्पताल में उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि महिला को वाडिया अस्पताल में रेफर किया जा सकता है, जिसका प्रबंधन कुछ हद तक नगर निकाय द्वारा किया जाता है। मालूम हो कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट में हालिया संशोधन के कारण एक महिला सरकार द्वारा स्थापित मेडिकल बोर्ड की अनुमति के बाद ही गंभीर असामान्यताओं के मामले में 24 सप्ताह की गर्भधारण अवधि से परे गर्भावस्था को समाप्त कर सकती है। हालांकि, इस तरह की समाप्ति आमतौर पर सरकारी अस्पतालों में की जाती है।

पार्किंग के लिये महारेरा ने बनाई नियमावली

महारेरा के पास आई हैं कई शिकायतें

मुंबई। विकासको से खरीदे गए फ्लैट के साथ पार्किंग भी घर मालिकों के द्वारा लिया जाता है। पार्किंग को लेकर सोसायटियों में हर समय विवाद होता है। महारेरा ने इस तरह विवाद का निपटारा करने के लिए अब नई नियमावली बना दी है। जिसके तहत घर ख़रीदादर को घर का एग्रीमेंट के साथ पार्किंग जानकारी भी उअपलब्ध होगी, जिससे बिल्डर अथवा सोसायटी से घर मालिकों का विवाद नहीं होगा।

बता दें कि पार्किंग स्थल पर बीम आदि होने पर घर मालिकों द्वारा गाड़ी पार्क के लिए जगह नहीं उपलब्ध हो पाती। इसी तरह पार्किंग स्थल छोटा होने के कारण वाहन पार्क नहीं किया जा सकता। वाहन पार्क करने के बाद बाहर निकलने की कोई जगह नहीं होती जिससे वाहन का दरवाजा नहीं खोला जा सकता। पार्किंग को लेकर महारेरा के पास कई शिकायतें आई हैं। महरेरा ने इसे गंभीरता से लेते हुए घर खरीदने वालों को भविष्य में ऐसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। इसी के चलते फ्लैट पंजीकरण के समय दिए

जाने वाले आवंटन पत्र और बिक्री के समझौते में पार्किंग के सभी विवरणों का एक परिशिष्ट जोड़ना अनिवार्य किया है। परिशिष्ट में पार्किंग स्थल की संख्या, पार्किंग का आकार,ऊंचाई,चौड़ाई,भवन में पार्किंग स्थल के स्थान के संबंध में सभी विवरण उपलब्ध कराना अनिवार्य किया है। महारेरा ने इस परिशिष्ट का एक मॉडल ड्राफ्ट भी जारी किया है, ताकि कोई त्रुटि न हो। महारेरा ने घोषणा की है कि अगर घर खरीददार की सहमति से कोई भी बदलाव किया जाता है,तो भी उसे महारेरा द्वारा स्वीकार नहीं करेगा। महारेरा ने 30 जुलाई 2021 को एक सर्कुलर के तहत पार्किंग को लेकर दिशा निर्देश जारी किया था। लेकर भी स्पष्ट दिशा निर्देश दिए गए हैं।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

छोटे बच्चों को बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़

खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने अब तक 14 छोटे बच्चों को बेचा है। पुलिस ने 2 बच्चों को सुरक्षित बचा लिया है। पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए इस बच्चा चोर गिरोह के पकड़े जाने की जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह में एक डॉक्टर भी शामिल है जिसकी एक क्लीनिक है। पुलिस ने बताया कि मुंबई के विक्रोली से एक बच्चे रत्नागिरी बेचा गया। वहीं तेलंगाना में इन बच्चों की ज्यादा मांग है। उसी के हिसाब से बच्चों को बेचा जा रहा था। सभी आरोपियों को 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है। इस गैंग कुल 14 बच्चे बेचे हैं जिनमें से 11 लड़के हैं और 3 लड़कियां हैं। पुलिस ने यह भी बताया कि बेचे गए बच्चों की उम्र कम से कम 5 दिन से लेकर अधिकतम 9 महीने तक है। पुलिस के इस खुलासे के बाद स्वास्थ विभाग में हड़कंप मच गया है। क्योंकि गिरोह में शामिल डॉक्टर कई हॉस्पिटल में काम करता है ऐसे में पुलिस उन सभी हॉस्पिटल की जांच करने का मन बना रही है।

कहर बरपा रही गर्मी

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अगले पांच दिनों में देश के कई राज्यों में अधिकतम तापमान की चेतावनी जारी की है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान काफी बढ़ा हुआ है। मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में लू चलने की संभावना जताई है। उत्तर प्रदेश के कई जगहों पर रात के समय अधिकतम तापमान में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने के आसार हैं। सोमवार और मंगलवार (30 अप्रैल) को गर्म हवाएं चलेंगी। स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार, 1 और 2 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ साथ पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों भी तापमान पहले से अधिक बढ़ा रहेगा। दिल्ली में रविवार को अधिकतम तापमान 38।2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि सोमवार को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, रविवार शाम छह बजे तक दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक) 165 दर्ज की गई है, जो कि मध्यम श्रेणी में आती है।

शरद पवार और उद्धव ठाकरे के प्रति सहानुभूति

जब उनसे ये पूछा गया कि क्या एनसीपी ने नासिक सीट पर अपना दावा छोड़ दिया? इसके जवाब में भुजबल ने कहा कि ये मैं नहीं कह सकता है। इस बात की जानकारी मेरे नेता दे सकते हैं। होली के दिन मुझे बताया गया कि आपको नासिक से लड़ना है। मैंने तो सीट नहीं मांगी थी। लेकिन जब कहा गया तो मैंने इसके बारे में सोचा। 2009 में यहां से मेरा भांजा समीर भुजबल सांसद था। इसके बाद गोडसे (हेमंत गोडसे) दो बार एमपी रहे। मैंने कहा उनलोगों को ही टिकट दीजिए लेकिन कहा गया कि आपको ही लड़ना है। इसके बाद मैंने लोगों से बातचीत शुरू कर दी। मैं लंबे इंतजार में रहा कि टिकट की घोषणा अब होगी-तब होगी।।तीन चार हफ्ते बीत गए तो मैंने सोचा कि राह देखना ठीक नहीं है। छगन भुजबल ने कहा कि मैं सम्मान के साथ लड़ना चाहता था। मैंने टिकट मांगने का काम जिंदगी भर नहीं किया। पहली बार बाला साहेब से टिकट मांगा था। टिकट के ऐलान में देरी से दुख हुआ। इसके बाद मैंने तय किया कि मुझे लड़ना ही नहीं है।

एक्टर साहिल खान गिरफ्तार

साहिल द लायन बुक एप नाम के एक सट्टेबाजी एप से जुड़े थे जो कि महादेव सट्टेबाजी ऐप नेटवर्क का ही हिस्सा है। इस मामले में मुंबई पुलिस ने साहिल से पूछताछ भी की थी। मुंबई के माटुंगा पुलिस मेहादेव बेटिंग ऐप केस की जांच में साहिल खान का नाम सामने आया था। साहिल ने जमानत के लिए कोर्ट का रुख किया था लेकिन कोर्ट से उन्हें राहत नहीं मिली थी। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। उधर मुंबई लाए जाने पर पत्रकारों से साहिल ने कहा कि उन्हें देश की कानून व्यवस्था पर पूरा यकीन है। बताया जा रहा है कि कोर्ट से अग्रिम जमानत और गिरफ्तारी से राहत नहीं मिलने पर एक्टर साहिल खान फरार हो गया था। उसने मुंबई छोड़ दिया था। जिसके बाद से पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस से बचने के लिए साहिल ने अपनी लोकेशन भी कई बार बदली। इससे पहले 15000 करोड़ रुपये के महादेव बुक बेटिंग मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी ने साहिल खान से पूछताछ की थी। ये पूछताछ करीब 4 घंटे तक चली थी। इस दौरान साहिल ने इस मामले किसी भी तरह की अपनी भूमिका होने से इनकार किया। उन्होंने साफ कहा कि उनका इस मामले से कोई लेना देना नहीं है।

समाचार

मुंबई, सोमवार, 29 अप्रैल, 2024

खबर संक्षेप

पुतिन ने बमबारी से यूक्रेन का पावर प्लांट किया तबाह

मास्को। रूस ने यूक्रेनी एनर्जी प्लांट को उस वक्त निशाना बनाया है, जब अमेरिका ने यूक्रेन के लिए 6 अरब डॉलर के राहत पैकेज की घोषणा की है। यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया है कि रूसी बैराज में कम से कम चार बिजली स्टेशन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। 34 मिसाइलें बिलली स्टेशन पर गिरी हैं। जिनमें से 21 को मार गिराया गया। कई महीनों बाद रूस ने इतना भीषण हमला किया है।

जम्मू-कश्मीर में 2 जगह फायरिंग: गार्ड की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ में पनारा गांव में सुबह करीब 7:45 बजे गोलीबारी हुई। जिसमें ग्राम रक्षा गार्ड का एक सदस्य घायल हो गया था। दोपहर में उसकी मौत हो गई। वीडीजी के सदस्य जंगल में गश्त कर रहे थे। तभी कुछ संदिग्ध लोगों से मुठभेड़ हो गई थी। आधे घंटे तक चली गोलीबारी के बाद आतंकवादी जंगल में भाग गए। सुरक्षा बलों ने उनका पीछा किया।

शराब नहीं मिलने पर रूसी सैनिकों ने 7 को भूना

कीव। यूक्रेन में रूसी सैनिकों का नरसंहार जारी है। दो रूसी सैनिकों ने हाल ही में नशे में दो गांवों में नरसंहार किया और 7 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। यह नरसंहार सिर्फ इसलिए हुआ क्योंकि ग्रामीणों ने शराब देने से इनकार कर दिया था। दो सैनिकों पर नरसंहार का आरोप लगा है, उनकी पहचान 34 वर्षीय अलेक्जेंडर ओसिपोव और 37 वर्षीय अलेक्जेंडर काइगोरोडत्सेव के रूप में हुई है।

एक हफ्ते में आग लगने की 225 घटनाएं, करोड़ों का हुआ नुकसान

आग से झुलस गया पहाड़, चारों ओर धुआं धुआं, 24 घंटे में 23 जगहों के जंगल स्वाह

नई दिल्ली

गर्मी बढ़ने के साथ ही कुमाऊं के जंगलों में आग बेकाबू होने लगी है। नैनीताल के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए वायु सेना के हेलीकॉप्टर की मदद लेनी पड़ी। पाइंस की आग हाईकोर्ट के आवासीय परिसर तक पहुंच गई थी, जिस पर काबू पा लिया गया है। पिछले एक हफ्ते के दौरान जंगलों में आग लगने की 225 घटनाएं हुई, जिसमें 288 हेक्टेअर वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। बागेश्वर में तो जंगल की आग ने काफलीगैर मैग्नेसाइट फैक्टरी के माइंस कार्यालय तक पहुंच गई। जिसमें 12 कमरे और मशीनें, कंप्यूटर तक जल गए। वनाधिकारियों के अनुसार कुमाऊं में नैनीताल और चंपावत जिला वनाग्नि की दृष्टि से बेहद संवेदनशील बना हुआ है।

24 घंटे में करीब 35 हेक्टेयर जंगल अग्नि की भेंट चढ़ चुके

प्रदेश में 24 घंटे में 23 जगहों पर जंगलों में आग लगी है। इसमें 16 जगहों पर कुमाऊं में वनाग्नि की घटनाएं हुई हैं। पूरे प्रदेश में 24 घंटे में करीब 35 हेक्टेयर जंगल वनाग्नि की भेंट चढ़ चुके हैं। स्थिति इस कदर बिगड़ गई है कि नैनीताल जिले में जंगल की आग पर नियंत्रण के लिए एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर की मदद ली गई है। हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से पानी लेकर नैनीताल और उसके आसपास के वनाग्नि वाले क्षेत्रों में पानी गिराया है। इन इलाकों में आर्मी क्षेत्र भी आता है। 10 बार हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से पानी भरा और जंगलों में लगी भीषण अग्नि को शांत किया। नैनीताल में हाईकोर्ट के आवासीय परिसर तक जंगल की आग पहुंच गई।

यातायात प्रभावित वन्यजीवों को भी नुकसान

जंगलों में लग रही आग का असर यातायात पर पड़ने लगा है। अल्मोड़ा-बागेश्वर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलता हुआ चीड़ का पेड़ टूटकर गिरने से यातायात बाधित हो गया। लोहाघाट (चंपावत) के ग्राम सभा पाटन पाटनी के जमरया खोला के जंगलों में भीषण आग से वन संपदा और वन्यजीवों को भारी नुकसान पहुंचा है। ब्लाक के शंखपाल, चंदा वन के जंगलों में देर रात तक आग लगी रही।

स्वान केंद्र की जल गई संचार केबल

बागेश्वर में कलक्ट्रेट परिसर तक पहुंची वनाग्नि को नियंत्रित करने में चार घंटे से अधिक का समय लगा। आग से स्वान केंद्र की संचार केबल जल गई। इंटरनेट ठप होने से शनिवार को करीब 40 विभागों का कामकाज प्रभावित रहा। आग से 20-25 लाख रुपए से अधिक के नुकसान का अनुमान है। सल्ट अल्मोड़ा के सीएचसी देवालय में जंगल की आग से ऑक्सीजन प्लांट और कार्यालय में रखे दस्तावेज जल गए। जंगलों की आग सड़क किनारे खड़े वाहनों को भी चपेट में ले रही है।

टेस्ला के सीईओ ने सबको चौंकाया

भारत की यात्रा टालकर अचानक चीन पहुंच गए... एलन मस्क

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इसी महीने भारत आने वाले थे। यहां उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी होने वाली थी। इसे लेकर भारत में काफी उत्साह का माहौल था। कई तरह की तैयारियां भी की जा रही थीं। हालांकि, आखिरी समय में उनकी यात्रा टालने की खबर आई थी। टेस्ला के सीईओ ने कहा था कि वह फिलहाल कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं इसलिए भारत की यात्रा कुछ महीनों बाद करेंगे। अब एलन मस्क ने अचानक चीन पहुंच गए हैं। इलेक्ट्रिक वेहिकल सेक्टर की दिग्गज कंपनी के लिए चीन दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। भारत की बजाय चीन की यात्रा पर पहुंचने से कई अटकलें लगाई जा रही हैं।

फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को लॉन्च करने की तैयारी

एलन मस्क की इस यात्रा की भनक किसी को नहीं थी। वह सबको अचंभित करते हुए बीजिंग पहुंचे हैं। यहां वह चीन सरकार के बड़े अधिकारियों से मुलाकात करने वाले हैं। वह चीन में फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को लॉन्च करने के बारे में बात करने के लिए बीजिंग पहुंचे हैं। वह चीन सरकार से इस सॉफ्टवेयर से मिलने वाले डेटा के विदेश में इस्तेमाल की मंजूरी भी मांगेंगे ताकि टेस्ला की ऑटोनोमस ड्राइविंग टेक्नोलॉजी को बेहतर बनाया जा सके। एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था कि जल्द ही चीन में फुल सेल्फ ड्राइविंग सॉफ्टवेयर को लॉन्च किया जाएगा। टेस्ला ने साल 2021 से ही चीन में डेटा इकठ्ठा करना शुरू कर दिया था। यह डेटा शंघाई में मौजूद है। अभी यह डेटा वह अमेरिका नहीं ले गई है। एलन मस्क इसी डेटा को अमेरिका ले जाना कहते हैं। टेस्ला ने लगभग 4 साल पहले ऑटोपायलट सॉफ्टवेयर लॉन्च कर दिया था। चीन के कस्टमर्स भी लंबे समय से इसकी डिमांड कर रहे हैं।

इंडिया में प्लांट के लिए आने वाले थे मस्क

पिछले कुछ महीनों से एलन मस्क द्वारा टेस्ला का प्लांट इंडिया में लगाने की चर्चाएं जोरों पर थीं। दावा किया गया था कि टेस्ला की एक टीम बहुत जल्द भारत का दौरा करने वाली है। यह टीम टेस्ला का प्लांट लगाने के लिए सही जगह की तलाश करने के लिए भारत आने वाली थी। यहां तक की रिलायंस इंडस्ट्रीज और टेस्ला के बीच प्लांट को लेकर वार्ता का दावा भी किया गया था।

संदेशखाली केस की सीबीआई जांच के आदेश से टीएमसी सरकार नाराज

सुप्रीम कोर्ट पहुंची ममता सरकार, राज्य पुलिस की शक्तियों को 'हड़पा' गया

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कलकत्ता हाईकोर्ट के संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच का निर्देश देने के खिलाफ बंगाल सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच के सुनवाई करने की संभावना है।

बंगाल सरकार ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश ने पुलिस फोर्स सहित पूरे राज्य तंत्र को हतोत्साहित किया है। हाईकोर्ट ने एक बहुत ही सामान्य आदेश में राज्य को बिना किसी दिशा निर्देश के सीबीआई को आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। भले ही वे याचिकाकर्ताओं की ओर से लगाए गए आरोपों से संबंधित न हो। यह जांच करने के लिए राज्य पुलिस की शक्तियों को हड़पने के समान है।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों पर सीबीआई जांच का दिया था आदेश

शीर्ष कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा

याचिका में दी ये दलील

2 मई को रिपोर्ट दाखिल करेगी सीबीआई

हाईकोर्ट ने सीबीआई को संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की जांच करने और सुनवाई की अगली तारीख पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है। बेंच अगली सुनवाई के लिए दो मई को सूचीबद्ध किये जाने का निर्देश दिया। उस दिन तक सीबीआई को रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था।

ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच कर रही सीबीआई

संदेशखाली में ईडी के अधिकारियों पर हमले के मामले की जांच पहले से ही सीबीआई कर रही है और एजेंसी ने 5 जनवरी की घटनाओं से संबंधित तीन एफआईआर दर्ज की हैं। जांच की निगरानी अदालत की ओर से किए जाने का जिक्र करते हुए हाईकोर्ट ने राजस्व दस्तावेज और कथित भूमि के भौतिक निरीक्षण का गहन निरीक्षण करने के बाद मछली पालन के लिए कृषि भूमि के जल निकायों में कथित अवैध रूपांतरण पर एक व्यापक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

डरा-धमकाकर चुनाव जीतना चाह रहीं ममता

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने संदेशखाली में सीबीआई द्वारा हथियार और गोला-बारूद जब्त किए जाने को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर निशाना साधा। उनसे रविवार को सवाल किया कि क्या वह लोगों को डराकर लोकसभा चुनाव जीतना चाहती हैं? नड्डा ने दावा किया कि भाजपा बंगाल की 42 लोकसभा सीट में से 35 से अधिक सीट पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने संदेशखाली की उन महिलाओं के प्रति पार्टी की एकजुटता व्यक्त की जिनका तृणमूल कांग्रेस के नेता रहे शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों ने कथित यौन उत्पीड़न किया था। संदेशखाली केस में शाहजहां शेख को अब तृणमूल से निष्कासित कर दिया गया है।

जकार्ता। इंडोनेशिया में रविवार की सुबह काफी तेज धमाके के साथ माउंट इबू पहाड़ में ज्वालामुखी फटा। सेंटर फॉर वल्केनोलॉजी एंड जियोलॉजिकल हैजर्ड मिटिगेशन ने बताया कि पूर्वी इंडोनेशियाई प्रांत उत्तरी मालुकु में हल्माहेरा द्वीप यह विस्फोट हुआ। इलाके में हड़कंप मच गया। लोग घरों से बाहर भागने लगे। लगभग 3.5 किलोमीटर तक राख देखी गई। रात लगभग 12:37 बजे करीब 206 सेकंड के लिए फटा, जिससे उसकी चोटी से 3 हजार 500 मीटर ऊपर तक राख उठ गई। समुद्र तल से 1,325 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माउंट इबू ज्वालामुखी को हाईएस्ट लेवल चार से नीचे दूसरे खतरे के स्तर के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

समलैंगिक संबंध बनाने वालों की खैर नहीं, 15 साल की जेल

बगदाद। इराक में अब समलैंगिक संबंध अपराध होगा और इसके लिए 15 साल तक की जेल की सजा मिलेगी। संसद ने 27 अप्रैल को समलैंगिक संबंधों को अपराध मानने वाले एक विधेयक को पारित किया। मानवाधिकार समूहों ने निंदा करते हुए इसे मानवाधिकारों पर हमला बताया है। 1988 के वेश्यावृत्ति विरोधी कानून में संशोधन के तहत ट्रांसजेंडर लोगों को तीन साल की जेल की सजा सुनाई जाएगी। पिछले मसौदे में मृत्युदंड का प्रावधान था, जिसका भी विरोध हुआ था। समलैंगिक संबंधों को बढ़ावा देने वालों के लिए न्यूनतम 7 साल की जेल की सजा और जानबूझकर महिलाओं की तरह व्यवहार करने वाले पुरुषों को 1 से 3 साल तक की सजा मिलेगी। का प्रावधान किया गया है।

मिडिल ईस्ट डिप्लोमेसी का नया चैप्टर, दोनों देश सहमत

नया सौदा: एक और इस्लामिक देश के साथ होगा भारत का ट्रेड समझौता

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत मिडिल ईस्ट में अपने संबंधों का विस्तार करना चाहता है, जहां बढ़ते जियो-पॉलिटिकल तनाव प्रमुख शिपिंग मार्गों को खतरे में डाल रहे हैं। इससे भारत को एक रणनीतिक साझेदार और अस्थिर क्षेत्र में प्रमुख व्यापार मार्गों तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। हालांकि, भारत और ओमान के बीच वार्षिक व्यापार फिलहाल 13 अरब डॉलर से कम है, लेकिन यह रिश्ता नई दिल्ली के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि ओमान, भारत और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य का प्रवेश द्वार है, जो वैश्विक तेल शिपमेंट के लिए एक प्रमुख ट्रांजिट प्वाइंट है। लोकसभा चुनाव के बाद ओमान के साथ व्यापार समझौता हो सकता है।

3 अरब डॉलर का आयात शुल्क होगा खत्म

ओमान कृषि उत्पादों, रत्न और आभूषण, चमड़ा, ऑटोमोबाइल, चिकित्सा उपकरणों, इंजीनियरिंग उत्पादों और कपड़ों सहित वार्षिक 3 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर आयात शुल्क खत्म करने पर सहमत हो गया है। वहीं, भारत ने ओमान से आयात शुल्क कम करने पर सहमति जताई की है। भारत और ओमान के बीच के संबंध करीब 5,000 साल पुराना है। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध 1955 में स्थापित हुए थे।

बाइडेन के रात्रिभोज में दिग्गजों का जमघट ट्रंप की उड़ाई खिल्ली

वॉशिंगटन। संयुक्त राज्य अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। राष्ट्रपति जो बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच सीधा मुकाबला है। इस दौरान, राष्ट्रपति बाइडन ने वाशिंगटन के राजनीतिक और मीडिया जगत के वरिष्ठ अधिकारियों और नेताओं के लिए रात्रिभोज आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी ट्रंप के खिलाफ जमकर निशाना साधा। ट्रंप पर तंज कसते हुए बाइडन ने कहा कि मैं एक बच्चे के खिलाफ लड़ रहा हूं। गौरतलब है कि बाइडन की उम्र 81 वर्ष है तो वहीं ट्रंप 77 साल के हैं।

खबर संक्षेप

अखिलेश को बड़ा झटका कई नेता भाजपा में गए

संतकबीरनगर। लोकसभा चुनाव में ताकत भिड़ा रहे अखिलेश यादव को पूर्वांचल में तगड़ा झटका लगा है। संत कबीर नगर जिले के कद्दावर नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष बलराम यादव, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष जगत जायसवाल ने दल बदल लिया। उपमुख्यमंत्री ने गमछा पहनाकर शामिल कराया।

महादेव बेटिंग एप मामले में साहिल गिरफ्तार

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर साहिल खान को महादेव बेटिंग एप मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उन्हें छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया है। गुरुवार को पुलिस ने साहिल से इसी मामले में काफी देर तक पूछताछ भी की थी। लंबे ऑपरेशन के बाद उन्हें पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है। साहिल भारतीय एक्टर हैं, फिटनेस उद्यमी और यूट्यूबर हैं। साहिल का अपना जिम भी है।

महाराष्ट्र का पुराना गौरव वापस लाएंगे: उद्धव ठाकरे

मुंबई। शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट ने गुरुवार को अपना घोषणापत्र (वचननामा) जारी किया। पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने अपने घोषणापत्र में पांच आवश्यक वस्तुओं की कीमतें अगले पांच वर्षों तक स्थिर रखने, एक साल में 30 लाख सरकारी नौकरियां देने, केंद्र सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण, किसानों को खाद-बीज, औजार आदि पर जीएसटी पूरी तरह माफ करने का वादा किया है। ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र में जैतापुर, बारसू और वाढवण जैसे विनाशकारी परियोजनाओं को आने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर तरफ हुकुमशाही शुरू है, इसे खत्म करने के लिए स्थानीय स्वराज संस्थाओं तक सत्ता का विकेंद्रीकरण किया जाएगा। उन्होंने कर प्रणाली में सुधार कर जीएसटी की दमनकारी शर्तों को हटाने का वादा किया।

उद्धव ठाकरे ने 'मातोश्री' में वचननामा घोषित किया। ठाकरे ने कहा कि इंडिया गठबंधन का घोषणा पत्र देश स्तर पर जारी हो चुका है। गठबंधन के अन्य घटक दलों का भी घोषणा पत्र आ गया है। आघाड़ी होने के बावजूद हम स्वतंत्र पार्टी है। हमारा किसी भी पार्टी का विलय नहीं हुआ है, इसलिए हमारा अलग वचननामा जारी किया

गया है। उन्होंने कहा कि पिछले सवा दो साल में गद्दारी कर सरकार गिराने के बाद महाराष्ट्र को लूटने का एक सूत्रीय कार्यक्रम जारी है। व्यापारी भाग गए, डायमंड मार्केट भी गया, क्रिकेट मैच भी बाहर चला गया। महाराष्ट्र का वैभव लूटा जा रहा है। यह लूट केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद रोकी जाएगी।

भाजपा की महिला नेता पर हमला, पथराव में 1 की मौत

मुंबई हलचल / कोलकाता

पश्चिम बंगाल में कोलकाता के बागुईआटी क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो गुटों के बीच आपसी झड़प में एक कार्यकर्ता की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि अर्जुनपुर पश्चिमपारा में शनिवार की रात में झड़प हुई।

इस झड़प के दौरान दोनों गुटों के बीच पथराव भी हुआ। इस पथराव में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान संजीव दास उर्फ पोटला के तौर पर की गई है। पुलिस ने बताया कि संजय दास के खिलाफ आर्म्स एक्ट से जुड़े 11 मामले दर्ज थे।

पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार किया

इस घटना में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि फिलहाल मामले की जांच जारी है। मृतक के परिवार ने आरोप लगाया कि इस घटना के पीछे स्थानीय पार्षद के लिए काम करने वाले टीएमसी कार्यकर्ताओं का हाथ है। उन्होंने दावा किया कि मृतक को रॉड से पीटा गया है।

महिला नेता ने छेड़छाड़ हमले का आरोप लगाया

एक अन्य घटना में भाजपा की एक महिला नेता ने दक्षिण कोलकाता के आनंदपुर में टीएमसी कार्यकर्ताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। भाजपा नेता ने दावा किया कि उन पर धारदार हथियार से हमला किया गया है। उन्होंने बताया कि हमला तब हुआ जब वह पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी बैनर और पोस्टर लगा रही थी। बता दें कि कोलकाता में एक जून को मतदान होने वाला है।

नोएडा के दो पर्यटक गंगा में डूबे, चार को पुलिस टीम ने बचाया, लापता युवती बैंक में कार्यरत

मुंबई हलचल / संवाददात

ऋषिकेश। लक्ष्मणझूला के मस्तराम बाबा घाट पर गंगा में नहाने के दौरान नोएडा उत्तर प्रदेश के दो पर्यटक डूबकर लापता हो गए। जबकि चार पर्यटकों को पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम ने डूबने से बचा लिया। लापता पर्यटक में शामिल युवती स्टेट बैंक आफ इंडिया की कर्मचारी है, जबकि युवक नोएडा के एक इंस्टीट्यूट का छात्र है। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम दोनों की तलाश में जुटी है। रविवार को नोएडा उत्तर प्रदेश के आठ पर्यटक लक्ष्मणझूला थाना क्षेत्र के मस्तराम बाबा घाट पर नहा रहे थे। दोपहर करीब 12:30 बजे नहाते समय छह पर्यटक गंगा में डूबने लगे। उनकी चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंची पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम ने अंकुर आनंद (29 वर्ष) निवासी जगदीशपुर भागलपुर, चाहत (27 वर्ष),श्रेया (17 वर्ष), साक्षी कुमारी (29 वर्ष) निवासी सेक्टर- 74 नोएडा, उत्तर प्रदेश को डूबने से बचा लिया।

साक्षी की हालत खराब

इन पर्यटकों में साक्षी की हालत खराब होने पर एम्स ऋषिकेश भेज दिया गया। जबकि शेष तीन को मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया। जबकि नेहा (29 वर्ष) निवासी पीलीभीत उत्तर प्रदेश तथा साहिल गुप्ता (32 वर्ष) निवासी गौर सिटी टू ट्वेल्थ एवेन्यू नोएडा उत्तर प्रदेश गंगा में डूबकर लापता हो गए। उनके अन्य साथी नमन (19 वर्ष) और अनुप्रिया (20 वर्ष) निवासी सेक्टर- 74 नोएडा उत्तर प्रदेश ने बताया कि सभी आपस में रिश्तेदार तथा दोस्त हैं। एसडीआरएफ के निरीक्षक कविंद्र सजवाण ने बताया कि दोनों पर्यटकों की तलाश के लिए सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है।

अनधिकृत निवेश योजनाओं के माध्यम से धन एकत्र किया

सेबी ने ग्रोपिटल, अन्य इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित किया, जांच जारी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

नियामक ने अपने पहले के आदेश को संशोधित किया और कृषि निवेश मंच ग्रोपिटल के निदेशकों- ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा शर्मा के बैंक खातों से प्रतिबंध हटा दिया। शेयर बाजार नियामक ने कहा कि मामले की विस्तृत जांच जारी है जिससे संस्थाओं की चूक या कमीशन के अतिरिक्त कृत्य सामने आ सकते हैं। मौजूदा क्रम में निष्कर्ष प्रथम दृष्टया जांच पर आधारित हैं।

सेबी ने हालिया आदेश में दिया निर्देश

सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अमरजीत सिंह ने शुक्रवार को जारी हालिया आदेश में कहा, 'सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) विनियमों की धाराओं के तहत मैं अगले आदेश तक अंतरिम आदेश के माध्यम से जारी निर्देशों की इस संशोधन के अधीन पुष्टि करता हूं कि व्यक्तियों, ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा शर्मा के बैंक खातों पर से प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे।'

उपलब्ध धन का दुरुपयोग न हो

सिंह ने कहा कि प्रतिबंध जारी रहेगा क्योंकि 'कार्यवाही यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि संस्थाओं के पास उपलब्ध धन का दुरुपयोग न हो।' सेबी ने इस साल जनवरी में पारित एक अंतरिम आदेश में फार्म टेक साइलो एलएलपी (ग्रोपिटल), संबंधित संस्थाओं और उनके निदेशकों को निवेशकों से पैसा इकट्ठा करने से रोक दिया था और उन्हें अगले निर्देश तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया था।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा है कि फार्म टेक साइलो एलएलपी (ग्रोपिटल), अन्य संबंधित इकाइयों और उनके निदेशक अनधिकृत निवेश योजनाओं के माध्यम से धन संग्रह की जांच के नतीजे आने तक प्रतिभूति बाजारों से प्रतिबंधित रहेंगे।

निवेशकों से धन इकट्ठा करने से भी रोक दिया गया : उन्हें किसी भी तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) को शुरू करने से रोकने का निर्देश भी दिया गया। साथ ही, उन्हें मौजूदा योजनाओं के माध्यम से भागीदारों या निवेशकों से धन इकट्ठा करने से भी रोक दिया गया है।

- धन संग्रह की जांच के नतीजे आते तक प्रतिभूति बाजार में रहेंगे प्रतिबंधित
- निदेशकों के बैंक खातों पर से प्रतिबंध हटा दिया जाएगा
- मौजूदा क्रम में निष्कर्ष प्रथम दृष्टया जांच पर आधारित हैं

कंपनी ने जनता को निवेश योजनाएं पेश की थी

सेबी ने अपनी जांच में पाया कि ग्रोपिटल ने कृषि क्षेत्र में जनता को विभिन्न निवेश योजनाएं पेश कीं। इसने कृषि क्षेत्र में निवेश के माध्यम से 11 से 14 प्रतिशत की सीमा में निश्चित कर-मुक्त लाभ की पेशकश करने का भी दावा किया।

एएमसी की विशेष अवसर वाले कोषों में दिलचस्पी बढ़ी

परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) की विशेष अवसर वाले कोषों में दिलचस्पी बढ़ गई है। ऐसी तीन फर्मों ने हाल ही में इस थीम पर आधारित योजनाएं शुरू करने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास मसौदा पत्र जमा किए हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के मुताबिक तीन एएमसी - व्हाइटओक कैपिटल, कोटक महिंद्रा और सैमको - ने मार्च-अप्रैल के दौरान, विशेष अवसर वाले कोष के लिए मसौदा पत्र दाखिल किए हैं।

बाजार की विशेष परिस्थितियों का लाभ उठाने करती है निवेश

इस समय आदित्य बिड़ला सन लाइफ एमएफ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ, एक्सिस एमएफ विशेष अवसर वाले कोष की पेशकश करते हैं। विशेष अवसर वाले कोष, ऐसी म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं, जो बाजार की विशेष परिस्थितियों का लाभ उठाने के लिए निवेश करती हैं। जैसे, एक कंपनी, क्षेत्र या समूची अर्थव्यवस्था के किसी अवसर या चुनौती का सामना करने पर निवेश करना।

म्यूचुअल फंड भी ले रहे दिलचस्पी

आनंद राठी वेल्थ लिमिटेड के डिप्टी सीईओ फिरोज अजीज ने कहा कि विशेष अवसर वाले कोष ऐसी कंपनियों में निवेश करते हैं, जो नियामक या नीतिगत बदलाव, प्रबंधन का पुनर्गठन, तकनीकी बाधा या अस्थाई चुनौती से जूझ रही होती हैं। इन कोषों को पहले वैकल्पिक निवेश फंड (एआईएफ) की श्रेणी -1 के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था। म्यूचुअल फंड अब व्यापक निवेशक आधार को आकर्षित करने के लिए इनमें दिलचस्पी ले रहे हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

संतरे के सेवन से दूर होगी ये 8 बड़ी-बड़ी समस्याएं

सर्दी के मौसम में बीमारियों से बचने के लिए खान-पान का खास ख्याल रखना पड़ता है। इस मौसम में जरा सी लापरवाही आपको सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियों की शिकार बना सकती है। वैसे तो सर्दियों में संतरा खाना हर किसी को पसंद होता है लेकिन शायद ही कोई इससे होने वाले फायदों के बारे में जानता हो। सर्दियों में रोजाना संतरे या इसके जूस का सेवन जुकाम-खांसी के साथ कई बड़ी-बड़ी बीमारियों को दूर करने में मदद करता है। एमिनो एसिड, फाइबर, कैल्शियम, आयोडीन, फॉस्फोरस, सोडियम, मिनरल्स, विटामिन अ और इ के गुणों से भरपूर संतरा कैंसर और दिल की बीमारियों को दूर रखता है। इसके अलावा रोज संतरा खाने से इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है। तो चलिए जानते है रोजाना संतरे या इसके जूस का सेवन आपको किन बीमारियों से दूर रखता है।

1. सर्दी-जुकाम
संतरे में मौजूद विटामिन सी सर्दी-जुकाम, खांसी और कप जैसी समस्याओं को दूर करता है। रोजाना इसके जूस में नींबू का रस मिलाकर पीना भी सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

2. ब्लड प्रेशर कंट्रोल
फाइबर और सोडियम के गुणों से भरपूर संतरा डायबिटीज मरीजों के लिए अच्छा होता है। रोजाना इसका सेवन ब्लड प्रैशर को कंट्रोल करता है।

3. कैंसर
इसमें मौजूद विटामिन ए और सी शरीर में मौजूद लाइमोनिन कैंसर सेल्स को बढ़ने से रोकते है। एक स्टडी के मुताबिक संतरा लीवर और ब्रेस्ट कैंसर के खतरे को कम करता है।

4. किडनी की पथरी
किडनी स्टोन की समस्या होने पर रोजाना संतरे और इसके जूस का सेवन करें। पथरी 2-3 हफ्ते में ही निकल जाएगी।

5. बवासीर
यह पेट के अल्सर को खत्म करके बवासीर से राहत दिलाता है। इसके अलावा संतरे के छिलका का पाउडर बनाकर गर्म पानी के साथ पीने से बवासीर से राहत मिलती है।

6. गठिया
सर्दियों में गठिया रोगियों के जोड़ों और घुटनों का दर्द और भी बढ़ जाता है। ऐसे में संतरे के रस और बकरी के दूध को मिलाकर पीने पर इस दर्द से राहत मिलती है।

7. बुखार
अगर आपको तेज बुखार है तो दिन में 2 बार संतरे के जूस का सेवन करें। इसका सेवन शरीर के तापमान को कम करने में मदद करता है।

8. पेट की समस्याएं
संतरे के रस को गर्म करके उसमें काली मिर्च और सूंड का रस मिला लें। पेट में गैस, अपच, कब्ज, बदहजमी, सूजन, इंफेक्शन और बदहजमी को दूर करने के लिए इस मिश्रण का सेवन का सेवन करें।

मोच और अंदरूनी चोट से आराम दिलाएंगे ये उपचार

किसी दुर्घटना का शिकार होने पर या किसी धारदार हथियार से कट जाने पर जब त्वचा से खून आने लगता है तो उसे चोट कहा जाता है। वहीं किसी ऊबड़-खाबड़ जगह पर चलने या गड्ढे में अचानक से पैर आने पर मोच या फिर अंदरूनी चोट आ जाती है। मोच आने से उस अंग पर सूजन आ जाती है और काफी दर्द होने लगता है। इस दर्द का सही तरीके से अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है क्योंकि यह दिखाई तो नहीं देती लेकिन महसूस बहुत होती है। इसलिए हमें मोच या चोट आने पर तुरंत इसे ठीक करने के लिए प्राथमिक उपचार करना चाहिए। चलिए आपको बताते है कि ऐसी स्थिति में कुछ घरेलू उपचार के जरिए कैसे मोच,अंदरूनी चोट एवं सूजन को दूर कर सकते है।

अंदरूनी चोट को ठीक करने के उपाय

1. अगर आपको लकड़ी-पत्थर लगने से सूजन आई है तो इसके लिए आप हल्दी एवं खाने का चूना एक साथ पीसकर गर्म लेप लगाए अथवा इमली के पत्तों को उबालकर बांधने से भी सूजन उतर जाती है।
2. कभी-कभी कठिन व्यायाम करने पर भी अचानक से मोच आ जाती है। इसके लिए अरनी (एक प्रकार का पौधा) के उबाले हुए पत्तों को किसी भी प्रकार की सूजन पर बांधने से काफी आराम मिलता है।
3. मोच या चोट के कारण यदि खून जम गया हो एवं गांठ पड़ गई हो तो बट के

पेड के कोमल पत्तों पर शहद लगाकर बांधने से लाभ होता है।
4. बच्चों को खेलते समय मोच आ जाए तो मोच के स्थान पर चने बांधकर उन्हें पानी से भिगोते रहें। जैसे-जैसे चने फूलेंगे वैसे-वैसे मोच दूर होती जाएगी, यह एक बेहतरीन इलाज माना गया है।
5. मोच के कारण आई सूजन के दूर करने के लिए गुनगुने पानी में फिटकरी मिलाकर चोट वाले हिस्से पर सिकाई करें।
6. सीढियों से अचानक पैर फिसल जाने के कारण भी अक्सर लोगों को चोट व मोच आ जाती हैं । सरसो और हल्दी को गर्म करके उसे मोच वाले स्थान पर लगाए और उस पर एरण्ड के पत्ते को रखकर पट्टी बांध दें।
7. सूजन में करेले का साग खाना भी लाभप्रद माना जाता है।

वजन घटाने से जुड़ी ये 8 बातें है मिथ, न करें विश्वास

बढ़ता मोटापा न सिर्फ आपकी लुक खराब करता है बल्कि इससे कई तरह की बीमारियों का खतरा भी हो सकता है। ज्यादातर लोग मोटापा कम करने के लिए दवाइयों, घरेलू नुस्खें, जिम और संतुलित आहार जैसे शार्टकट अपनाते है। मोटापा करने के लिए यह शार्टकट सेहत के लिए खतरनाक हो सकते है। लोग इन तरीकों से वजन कम करने को सही मानते है लेकिन यह सिर्फ आपका भ्रम हैं। इन तरीकों से मोटापा घटाने के कारण कई हेल्थ प्रॉब्लम हो सकती है। आज हम आपको ऐसी ही कुछ बातों के बारे में बताने जा रहें है, जिसे आप मोटापा करने के लिए सही मानते है, पर असल में यह गलत है। आइए जानते है मोटापा घटाने के लिए सही समझें जाने वाले गलत तरीकों के बारे में।

1. नींबू पानी और शहद
मोटापा कम करने के लिए लोग सबसे पहले नींबू और शहद का सेवन ही करते है लेकिन यह वजन घटाने में मदद नहीं करता। 1 चम्मच शहद में करीब 200 कैलोरी पाई जाती है, जोकि वजन घटाने में खलल डालती है।

2. एप्पल साइडर सिरका
वजन घटाने के लिए लोग सुबह खाली पेट इसका सेवन करते है लेकिन खाली पेट इसका सेवन अल्सर का खतरा पैदा करता है। इसके अलावा यह गले में जलन और नर्वस सिस्टम को हानि पहुंचाता हैं।

3. फल
फ्रूट डाइट का सेवन करके लोग वजन को जल्दी घटाने की कोशिश

करते है। फल खाना सेहत के लिए अच्छा होता है लेकिन वजन घटाने के लिए अत्यधिक, पपीता, खरबूजे और तरबूज का सेवन हृदय के लिए हानिकारक होता है। इसमें अधिक मात्रा में ग्लाइसिमिक इंडेक्स पाया जाता है, जो वजन घटाता नहीं बल्कि बढ़ाता है।

4. शुगर फ्री खाद्य पदार्थ
यह भी एक भ्रम है कि शुगर फ्री चीजों का सेवन वजन घटाने में मदद करता है। बेशर इसमें चीनी का मात्रा कम होती है लेकिन इसमें इस्तेमाल होने वाले रसायन कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा पैदा करते हैं।

5. सुबह सैर करना
लोगों का मानना है कि सुबह सैर करने से वजन कम होता लेकिन यह व्यायाम की अवधि पर ही निर्भर होता है। सुबह-शाम सैर करने से केवल 3500 कैलरी ही बर्न होती है। मोटापा कम करने के लिए व्यायाम की अवधि बढ़ाएं।

6. भूखे रहना
लोग भूखे रह कर जल्दी से जल्दी वजन कम करने की कोशिश करते है लेकिन भूखे रहने से बीएमआर घटता है, जिससे कैलोरी कम बर्न होती है।

7. सप्लीमेंट्स
कुछ लोग मोटापा कम करने के लिए प्रोटीन शेक्स और वजन घटाने वाले पाउडर का सेवन करते हैं। इसका सेवन इलेक्ट्रोलाइट को नुकसान पहुंचाता है, जिससे कई गंभीर बीमारियों और किडनी फेल का खतरा बढ़ जाता हैं।

8. ज्यादा जिम जाना
जिम और ऐरोबिक्स से पहले कारबोहाईड्रेट्स बर्न होता उसके बाद ही फैट बर्न होना शुरू होना। जबकि व्यायाम करने से पहले फैट और उसके बाद कारबोहाईड्रेट्स बर्न होता है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

प्रीति जिंटा ने शुरू की लाहौर 1947 की शूटिंग

आमिर खान प्रोडक्शन्स की मचअवेटेड फिल्म 'लाहौर 1947' का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। यह इसलिए भी बड़ी बात है क्योंकि इसमें पहली बार सनी देओल, राजकुमार संतोषी और आमिर खान जैसे तीन बड़े और बेहद मशहूर नाम एक साथ नजर आ रहे हैं। वहीं 'लाहौर1947' मे एक बार फिर सनी देओल और प्रीति जिंटा की जोड़ी साथ नजर आएंगी।

इस फिल्म से प्रीति जिंटा बड़े पर्दे पर कमबैक भी करने जा रही हैं। एक्ट्रेस ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। 'लाहौर 1947' को आमिर खान अपनी कंपनी आमिर खान प्रोडक्शंस के ज़रिए प्रोड्यूस करेंगे। जबकि इसे डायरेक्ट अनुभवी डायरेक्टर राजकुमार संतोषी करने वाले हैं। इस मच अवेटेड फिल्म में सनी देओल और प्रीति ज़िंटा लीड रोल में देखे जाएंगे।



जल्द पिता बनने वाले हैं नरूला?

प्रिंस नरूला और युविका चौधरी टीवी के पॉपुलर कपल में से एक हैं। दोनों 'बिग बॉस 9' के घर में करीब आए थे। इसके बाद प्रिंस और युविका ने 12 अक्टूबर 2018 को शादी रचा ली। दोनों की शादी को करीब 6 साल हो चुके है। अब यह कपल फैंस को गुडन्यूज देने जा रहा है। प्रिंस नरूला ने हाल ही में भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में बेबी प्लान पर बात की है। भारती ने प्रिंस से उनके बेबी प्लान के बारे में सवाल किया, 'आपका गोला (बेबी) कब आना है?' इसका जवाब देते हुए प्रिंस ने कहा, 'जल्द ही।' प्रिंस नरूला के इस जवाब से कयास लगाए जा रहे हैं कि वह जल्द ही पापा बनने वाले हैं। प्रिंस ने बताया कि वह और युविका काफी समय से माता-पिता बनना चाहते थे, लेकिन वह इसलिए बेबी प्लान नहीं कर रहे थे, क्योंकि वह खुद का एक घर चाहते थे। हालांकि बाद में प्रिंस ने युविका चौधरी की प्रेग्नेंसी का खंडन कर दिया है। प्रिंस नरूला ने कहा, मुझे नहीं पता कि इस तरह की अफवाहें कहां से आती हैं। जब हमने खबर पढ़ी, तो हम अपने घर पर हंसने लेग। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि युविका प्रेग्नेंट नहीं हैं। वास्तव में, अगर होती तो हम खुद बता देते।



रवि ने की पत्नी सरगुन की जमकर तारीफ

रवि दुबे और सरगुन मेहता इंडियन एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक पॉपुलर जोड़ी हैं। उनका साथ काम करना सभी द्वारा पसंद किया जाता है, जिसमें उनका टेलेंट और केमिस्ट्री देखने को मिलता है। एक्टर ने बात करते हुए कहा है, वह मेरी हीरो हैं क्योंकि मैं उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मुझे लगता है कि मैं कभी भी उनकी तरह कमाल का नहीं हो सकता। वह सबसे स्किल्ड प्रोफेशनल हैं जिन्हें मैंने देखा है। उन्होंने कहा, जिस तरह से वह हर लेवल पर काम कर रही हैं और वैल्यू क्रिएट कर रही हैं। वह एक शानदार बेटी हैं। वह एक शानदार बहन हैं। वह एक शानदार बहू हैं, वह एक शानदार प्रोड्यूसर हैं, वह शानदार हैं, शानदार एक्टर हैं। वह एक शानदार राइटर, शानदार स्टोरी टेलर और एक शानदार पत्नी हैं। रवि दुबे ने आगे बात करते हुए कहा है, दरअसल, सिर्फ़ एक ही चीज़ नहीं है। मेरा मतलब है, उनके बारे में सब कुछ वैसा ही है जैसा मैं बनना चाहता हूं। मुझे याद है कि मैंने एक बार उनसे कहा था, 'क्या तुम मुझे अपने साथ बूढ़ा होने का मौका दोगी?'